उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर, लखनऊ।
संख्या- 450/16/तीन(परी0-1)/2026/खण्ड-2
लखनऊ, दिनांकः 01 जून, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-10-परीक्षा/2023, वन रक्षक एवं वन्य जीव रक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2022)/09 के अन्तर्गत आयोजित शारीरिक मानक परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल एवं चिकित्सा परीक्षा हेतु चिह्नित कुल 2993 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा का आयोजन प्रदेश के 18 मण्डलीय जनपदीय मुख्यालयों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 15.06.2026 से कराया जाना है।

उक्त चिकित्सा परीक्षा के समय अभ्यर्थियों को निम्न अभिलेखों/उपकरणों/जांच रिपोर्टों के साथ उपस्थित होना आवश्यक है-

1. एक्स-रे चेस्ट पी0ए0 (X-ray chest PA),
2. रूटीन यूरीन, (आर/एम) [Routine Urine, (R/M)]
3. विशेषज्ञों की सलाह सहित ई0सी0जी0 रिपोर्ट (E.C.G. Report with expert opinion)
4. सी0बी0सी0 रिपोर्ट (CBC Report)
5. यदि चश्मा अथवा कॉन्टेक्ट लेन्स पहनते हैं तो चश्मा व नेत्र परीक्षण रिपोर्ट साथ लायें।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि केवल जनपद स्तरीय जिला चिकित्सालय द्वारा निर्गत जांच रिपोर्ट, जो कि अभ्यर्थी की चिकित्सा परीक्षा तिथि से पूर्व विगत 15 दिन की अवधि में जारी की गयी हो, ही मान्य होगी।

प्रश्नगत चिकित्सा परीक्षा के प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में अर्ह अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट पर सूचना के माध्यम से यथा समय पृथक से सूचित किया जाएगा।

01/06/2026
परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।